# प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी कल।

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं एएचपी किफायती आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत शासन से स्वीकृत परियोजना स्थलों में निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का लाटरी पद्वति से आबंटन दिनांक 09.04.2025 को नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय परिसर में आयोजित है। जो हितग्राही अपने मकान की लागत का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कर चुके है। उन्हे प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत लाटरी सिस्टम में भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह मकान अच्छे लोकेशन पर स्थित है, प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिग बोर्ड, माईल स्टोन के पीछे एवं अन्य परियोजना स्थलों में निर्मित मकानों का खुली लाटरी पद्वति से लाटरी निकाला जाएगा।

लाटरी 150 हितग्राहियो के बीच में निकाला जायेगा, इसमें 60 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांग लोगो के लिए ग्राउण्ड फ्लोर का मकान आबंटन नियमानुसार किया जायेगा। सभी हितग्राही समय का ध्यान रखते हुए सुबह 11 बजे निगम परिसर में अंशदान जमा राशि का रसीद लेकर उपस्थित हो जावें। लाटरी पुरी पारदर्शिता के साथ सबके सामने होगा। नियमानुसार पुरे लाटरी के दौरान वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की जावेगी। जो हितग्राही बैंक से लोन लेकर अपना शेष राशि जमा करना चाहते है, उनके लिए सुविधा उपलब्ध है। संबंधित बैंक के अधिकारी/कर्मचारी लोन के नियम एवं शर्तो के साथ उपस्थित रहेगे। हितग्राही उनसे संपर्क करके अपनी आवश्यकतानुसार लोन प्राप्त कर सकते है। नगर निगम भिलाई इसमें मात्र संपर्क का माध्यम होगा। लोन का ब्याज का प्रतिशत क्या होगा, यह बैंक के नियम एवं शर्तो के अनुसार निर्धारित रहेगा।

